कुल छपे पृष्ठों की संख्या - 6
कुल छपे प्रश्नों की संख्या - 20

| नामांक | | | | |
|---|---|---|---|---|

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2016-2017

## कक्षा—IX ( नवमीं )

## विषय—हिन्दी

समय : 3¼ घंटे पूर्णांक : 100

निर्देश : ( 1 ) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

( 2 ) विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न-पत्र पर अनिवार्यतः लिखे।

( 3 ) जिस प्रश्न के एक से अधिक भाग हैं, उन सभी भागों का उत्तर एक साथ ही लिखें, भिन्न-भिन्न दो स्थानों पर नहीं लिखें।

( 3 ) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

( 5 ) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित है।

### खण्ड : 1

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2½

मानव जाति ने अपने उद्‌भवकाल में ही प्रकृति की गोद में ही जन्म लिया और उसी से अपने भरण-पोषण की सामग्री प्राप्त की। सभी प्रकार के वन्य या प्राकृतिक उपादन ही उसके जीवन और जीविका के एकमात्र साधन थे। प्रकृति ने ही मानव जीवन को संरक्षण प्रदान किया। रामचन्द्र, सीता व लक्ष्मण ने भी पंचवटी नामक स्थान पर कुटिया बनाकर वनवास का लम्बा समय व्यतीत किया था।

वृक्षों की लकड़ी से मानव अनेक प्रकार के लाभ उठाता है। उसने लकड़ी को ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया। इससे मकान व झोंपड़िया बनाई। इमारती लकड़ी से भवन निर्माण, कृषि यंत्र, परिवहन जैसे—रथ, ट्रक, रेलों के डिब्बे तथा फर्नीचर आदि बनाये जाते है। इस प्रकार वृक्षों से विभिन्न प्रत्यक्ष लाभों के अतिरिक्त परोक्ष फायदे भी है। जीवन-दायिनी ऑक्सीजन पेड़ों से प्राप्त होती है। वृक्षों के आधिक्य से बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलती है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक बताइये।

(ii) वनवास-काल में राम, सीता व लक्ष्मण ने कहाँ पर निवास किया था?

(iii) आदिकाल में मानव-जीवन किस पर आधारित था?

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2½

हाय रे मानव, नियति के दास।
हाय रे मनुपुत्र, अपना ही उपहास।
प्रकृति की प्रच्छन्नता को जीत,
सिन्धु से आकाश तक सबको किये भयभीत,
सृष्टि को निज बुद्धि से करता हुआ परिमेय,
चीरता परमाणु की सत्ता असीम, अजेय,
बुद्धि के पवमान में उड़ता हुआ असहाय,
जा रहा तू किस दिशा की ओर निरूपाय,—
लक्ष्य क्या? उद्देश्य क्या? क्या अर्थ?
यही नहीं यदि ज्ञात तो विज्ञान का श्रम व्यर्थ।
सुन रहा आकाश चढ़ ग्रह-तारकों का नाद,

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) कवि ने मनुष्य को किसका दास बताया है?

(iii) सिन्धु से आकाश तक सब ओर किसका भय बना हुआ है?

## खण्ड : 2

3. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिये जिसमें बुक-बैंक से पाठ्य पुस्तक दिलवाने का निवेदन किया गया हो। 5

**अथवा**

अपने मोहल्ले में व्याप्त गन्दगी के सम्बन्ध में नगर पालिका को एक शिकायती पत्र लिखिये।

4. निम्न में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबन्ध लिखिये : 10

(1) समाज में नारी का स्थान

(2) इन्टरनेट – वरदान या अभिशाप

(3) मेरे आदर्श शिक्षक

(4) स्वच्छ भारत अभियान

## खण्ड : 3

5. सर्वनाम किसे कहते है ? इसके भेद भी लिखिए। 2

6. ''छात्रावास'' शब्द का संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिये। 1

7. 'आई' प्रत्यय का प्रयोग करते हुए तीन शब्द बनाइये। 2

8. निम्नलिखित शब्दों में लगे उपसर्गों को छाँटिये : 2

अतिरिक्त, बदनाम, सजल, सत्कर्म

9. निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिये (दो–दो) : 2

अम्बर, आँख, अग्नि, सूरज

10. निम्न शब्दों को शुद्ध करके लिखे : 2

नारिओं, अंकाश, पूज्यनीय, अगामी

11. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग लिखिये : 2

बुद्धिमान, ठाकुर, हाथी, कवि

12. स्वर व व्यंजन में क्या अन्तर है ? स्वर के भेद लिखिये। 2

## खण्ड : 4

13. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : 8

भवानी ! तुमने मेरे हृदय को कैसा कर दिया ? मुझे बल दो कि मैं राजवंश की रक्षा में अपना रक्त दे सकूँ। अपने लाल को दे सकूँ। यही राजपूतानी का व्रत है। यही राजपूतानी की मर्यादा है। यही राजपूतानी का धर्म है। मेरा हृदय वज्र का बना दो। माता के हृदय के स्थान पर, जिससे ममता के स्रोत बन्द हो जायें। भवानी ! मैं चित्तौड़ की सच्ची रानी बनूँ।

कृ.पृ.उ.

अथवा

डॉ. कलाम केवल व्याख्यान भर नहीं देते थे बल्कि छात्रों की जिज्ञासाओं को भी तत्काल शान्त करने के लिये तत्पर रहते थे। उनकी अभिलाषा थी कि सदैव उन्हें एक अध्यापक के रूप में याद किया जाय और जिस विधाता ने उन्हें यशस्वी जीवन का वरदान देकर इस पावन भूमि पर भेजा था उस विधाता ने उनकी यह इच्छा भी पूर्ण की।

14. निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : 8

मैंने हँसना सीखा है,
मैं नहीं जानती रोना,
बरसा करता पल–पल पर
मेरे जीवन में सोना
मैं अब तक जान ना पाई
कैसी होती है पीड़ा,
हँस–हँस जीवन में
कैसे करती है क्रीड़ा।

अथवा

थाल सजाकर किसे पूजने,
चले आते हो मतवाले।
कहाँ चले तुम राम–नाम का,
पीताम्बर तन पर डाले,
कहाँ चले ले चन्दन, अक्षत, बगल दबाये मृग–छाला ?
कहाँ चली वह सजी आरती, कहाँ चली जूही माला ?

15. निम्नलिखित में से कोई भी दो प्रश्नों के उत्तर (80 शब्दों) में दीजिये : 5+5=10

(i) "चारों तरफ जहरीले सर्प झूम रहे हैं।" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिये।

(ii) पन्नाधाय इतिहास में क्यों प्रसिद्ध है ? लिखिये।

(iii) केवट ने मणिरचित मुद्रिका को न लेते हुए क्या निवेदन किया, इससे उसकी किस विशेषता का उद्घाटन होता है ?

16. निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : उत्तर सीमा 40 शब्द 3+3+3=9

(i) कर्ण ने श्रीकृष्ण को अपनी दानवीरता की परीक्षा कैसे दी ?

(ii) राक्षस ताल को रावण द्वन्द्व क्यों कहते है ?

(iii) ''जो लाक्षागृह में जलते है, वे ही सूरमा निकलते है।'' को कथा प्रसंग सहित समझाइये।

(iv) ''तीर्थराज चित्तौड़ देखने को मेरी आँखें प्यासी।'' पंक्ति से लेखक (कवि) का आशय स्पष्ट कीजिये।

(v) कुम्भ पर्व पर नदी पर डुबकी लगाने वाले क्या कामना करते है ? स्पष्ट करे।

17. निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये (उत्तर सीमा 40 शब्द) : 3+3+3=9

(क) अब 'लक्ष्मीनारायण' को 'दरिद्रनारायण' बनना ही पड़ेगा, क्यों और किस प्रकार ?

(ख) पर्वत की अभिलाषा क्या है और क्यों है ?

(ग) महर्षि दधीचि क्यों प्रसिद्ध है ?

(घ) 'जसोदा हरि पालने झुलावै' पद में माता यशोदा की वत्सलता किस प्रकार व्यक्त हुई है ?

18. निम्न में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : 2+2+2+2=8

(क) भामाशाह का समाधि स्थल कहाँ स्थित है ?

(ख) कबीर ने ईश्वर का निवास स्थान कहाँ बताया और वह कैसे मिलता है ?

(ग) गिल्लू कौन था और वह लेखिका को कब और कहाँ मिला ?

(घ) डॉ. अब्दुल कलाम का पूरा नाम क्या था ?

(ङ) संसार को तपोवन क्यों कहा गया है ?

19. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 4+4=8

(क) स्वामी विवेकानन्द का सामान्य परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का नाम लिखिये।

(ख) मीरा बाई का जीवन परिचय लिखिये।

20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये (दो प्रश्नों के) 2½+2½=5

(क) सड़क दुर्घटनाओं से बचने के चार उपाय बताइये।

(ख) दुर्घटना स्थल पर दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताइये व संकेत चिन्हों का प्रयोग क्यों किया जाता है ? बताइये।

(ग) निम्नलिखित का उपयोग क्यों किया जाता है :

(क) हेलमेट (ख) सीट बेल्ट

(ग) साइड इंडिकेटर

❑ ❑ ❑